Geared for life

BHARAT GEARS LIMITED
Regd. Office & Works :
20 K.M. Mathura Road, P.O. Box 328
P.O. Amar Nagar, Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, Fax : +91 (129) 4288822-23
E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

BGL/SEC/NSE/3/DECEMBER 2018-2019 **BGL/SEC/BSE/2/DECEMBER 2018-2019**

December 19, 2018

The Manager (Listing)
National Stock Exchange of India Ltd
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

SYMBOL: BHARATGEAR

The Manager (Listing)
BSE Limited
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

STOCKCODE: 505688

Sub: Published Notice for Loss of Share Certificate(s)

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate(s) published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on 19th December, 2018.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

Kaushal Narula
Manager (Secretarial)

BHARAT GEARS LIMITED ★ FARIDABAD ★

Encl: As above

खांडाखेड़ी: दूसरे दिन 91 बेटियों की धूमधाम से विदाई

परममित्र मानव निर्माण संस्थान द्वारा आयोजित हरियाणा के सबसे बड़े सामूहिक विवाह समारोह में 151 बेटियां परिणय सूत्र में बंधी। कई दिग्गज पहुंचे आशीर्वाद देने।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद (हिसार)

खांडाखेड़ी गांव की धरा पर 151 कन्याओं की डोली उनकी ससुराल के लिए चलने के साथ ही परममित्र मानव निर्माण संस्थान द्वारा आयोजित प्रदेश के सबसे बड़े सामूहिक विवाह समारोह का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। दो दिवसीय समारोह के अंतिम दिन परिवहन मंत्री कृष्णलाल पंवार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस आयोजन के लिए उन्होंने परममित्र मानव निर्माण संस्थान को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपने जीवन में सामूहिक विवाह का ऐसा भव्य आयोजन नहीं देखा। मंगलवार को समारोह में 91 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को उनके 52वें जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। बता दें कि सोमवार को 50 जोड़ों ने गृहस्थ जीवन में कदम रखते हुए माता परमेश्वरी देवी, सीएम मनोहरलाल, कविता जैन, कृष्ण बेदी व संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्रसेन सिंधु से आशीर्वाद लिया था। परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा-हम अक्सर सामूहिक विवाह आयोजनों के बारे में सुनते थे लेकिन एक साथ 151 बेटियों के सामूहिक विवाह का ऐसा विशाल व भव्य आयोजन मैंने अपने जीवन में पहली बार देखा है। ये बेटियों का सौभाग्य और वित्तमंत्री परिवार की सोच है जो आज गर्व से बेटियां विदा हो रही हैं।

नारनौंद। गांव खांडाखेड़ी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में मंगलवार को नव-विवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार, वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व संसदीय सचिव विनोद भ्याणा, मेजर सत्यपाल सिंधु और अन्य। फोटो : हरिभूमि

समाज में एकता का संदेश जाएगा : भ्याणा

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव विनोद भ्याणा ने धन्यवाद संबोधन में कहा कि कैप्टन अभिमन्यु ने इलाके ही नहीं, पूरे प्रदेश के समक्ष एक नई मिसाल कायम की है। पृथ्वी पर कन्यादान से बढ़कर कोई और दान नहीं होता। स्वामी प्रणवानंद महाराज ने भी समारोह को संबोधित करते हुए सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए वित्तमंत्री की प्रशंसा की व नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।हिसार से विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री के परिवार ने जो ये नेक कार्य किया है। वो काफी सहरानीय है। इससे समाज में एकता का संदेश जाएगा। भाजपा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अनेक योजनाएं भी लागू की है।

नवविवाहितों ने लिया संकल्प

परिवहन मंत्री ने नव विवाहित जोड़ों को संकल्प दिलाया कि वे अपने जीवन में कभी भी न तो कन्या भ्रूण हत्या करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। अपने जीवन में बेटियों का सम्मान करने, नारी उत्थान की दिशा में कार्य करने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को बुलंद करने तथा जीवन पर्यन्त पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने की शपथ भी नवदंपतियों को दिलाई गई।

बेटियों के कन्यादान का सौभाग्य मिलने पर मैं अभिभूत : अभिमन्यु

वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज अपने जन्मदिन पर हर ओर से मिल रहे आशीर्वाद तथा इन बेटियों के कन्यादान का सौभाग्य मिलने पर मैं अभिभूत हूं। एक साल पहले सरकार से मिले वेतन की धनराशि से 53 कन्याओं का विवाह करने का सौभाग्य मिला था। इसके अलावा फरवरी 2016 में रोहतक आवास पर आगजनी से हुए नुकसान का जो सरकारी मुआवजा मिला था उससे 151 बेटियों के कन्यादान का यह आयोजन माता परमेश्वरी देवी की प्रेरणा व बड़े भाई कैप्टन रुद्रसेन के संकल्प के चलते संभव हो पाया। उन्होंने विनम्र होते हुए कहा कि अवश्य ही पुराने जन्मों का कोई ऋण हम पर रहा होगा जिसे चुकाने का सौभाग्य आज हमें इस सामूहिक विवाह के माध्यम से मिला है। इसके लिए उन्होंने विवाह बंधन में बंधने वाली बेटियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इन बेटियों से कहा कि वे जीवन पर्यन्त हमारे परिवार का हिस्सा रहेंगी।

पंजाब के नंगल में तेज रोशनी संग जोरदार धमाका

उड़नतश्तरी जैसी चीज दिखी, दहशत में लोग

नंगल (पंजाब)। शहर में मंगलवार सायं आसमान में तेज रोशनी के साथ अचानक जोरदार धमाका हुआ। रोशनी इतनी तेज थी कि रात में कुछ क्षणों के लिए दिन जैसा उजाला हो गया। धमाका इतना तेज था कि यह नंगल उपमंडल के अलावा हिमाचल के श्री नैना देवी विधानसभा क्षेत्र तथा स्वां नदी के निकट भलाण व अन्य जगहों तक भी सुना गया।

कुद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस दौरान उड़नतस्तरी जैसी रहस्यमय चीज दिखी। इस घटना से लोगों में दहशत है। एसडीएम ने भी धमाके की आवाज सुनने की पुष्टि की है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि धमाका किस चीज में हुआ। इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार देर सायं अचानक नंगल शहर में आसमान में पहले उड़नतस्तरी जैसी दिखी, जिसमें अजीब सी लाइट थी। कुछ ही देर में तेज लाइट के साथ जोरदार विस्फोट हुआ। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते शहर में दहशत फैल गई। कोई इसे उड़नतस्तरी बता रहा है तो कोई इसे धूमकेतु का धरती के पास से गुजरना बता रहा है। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। सभी जगहों पर कारखाने सुरक्षित हैं। धमाके का समय करीब 7.55 बजे का है। नंगल के निकट पस्सीवाल में भी जोरदार धमाका सुनने वाले एनएफएल के कर्मचारी राजेश पस्सीवाल ने बताया कि उनके इलाके में भी दिल दहला देने वाला जोरदार धमाका सुना गया है। गांवों में दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि धमाके के कारण श्री आनंदपुर साहिब इलाके के एक घर में शीशे चटक गए। अभी तक धमाका के कारणों का पता नहीं चल सका है।

हरियाणा का नगर निगम चुनाव: सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

पांच शहरों में सरताज कौन, फैसला आज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा में पांच प्रमुख शहरों में किसकी सरकार होगी और इनके सरताज कौन होंगे इसका फैसला बुधवार को हो जाएगा। पांच जिलों रोहतक, पानीपत, करनाल, हिसार और यमुनानगर में नगर निगमों के चुनाव के लिए 16 दिसंबर को हुए मतदान का परिणाम बुधवार को घोषित होगा। इसके साथ ही कैथल जिले की पुंडरी और फतेहाबाद की जाखल मंडी नगरपालिका के लिए मतगणना भी बुधवार को ही होगी। मतगणना के लिए तैयारी पूरी हो गई हैं। सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी और दोपहर तक तस्वीर साफ दिखाई देने लगेगी। इन चुनावों में मुख्यमंत्री मनोहरलाल और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

- रोहतक, हिसार, पानीपत, करनाल और यमुनानगर को मिलेंगे नए मेयर व पार्षद, मतगणना की सभी तैयारियां पूरी
- पुंडरी व जाखल मंडी नगरपालिका के परिणाम भी घोषित होंगे

हिसार (अनारक्षित)

यहां भाजपा के बागी हनुमान पेरन की पत्नी रेखा ऐरन और भाजपा के गौतम सरदाना के बीच मुकाबला है।

ये आंकड़े
- 62.7 फीसदी मतदान
- 20 वार्ड में थे 204 पोलिंग बूथ
- 22 मेयर प्रत्याशी, 19 पुरुष, 3 महिला
- 108 पार्षद, 67 पुरुष व 41 महिलाएं

करनाल (महिला आरक्षित)

यहां भाजपा प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता और आशा वधवा के बीच मुकाबला है।

ये आंकड़े
- 61.8 फीसद मतदान
- 20 वार्ड में थे 256 पोलिंग बूथ
- 8 मेयर उम्मीदवार
- 95 पार्षद, 61 पुरुष व 34 महिलाएं

यमुनानगर (अनारक्षित)

यहां भाजपा उम्मीदवार मदन चौहान और कांग्रेस समर्थित राकेश शर्मा के बीच कांटे का मुकाबला है।

ये आंकड़े
- 65.2 फीसद मतदान
- 22 वार्ड में थे 225 पोलिंग बूथ
- 12 मेयर प्रत्याशी, 11 पुरुष, 1 महिला
- 126 पार्षद , 63 पुरुष व 63 महिलाएं

पानीपत (बीसी महिला आरक्षित)

भाजपा की अवनीत कौर और कांग्रेस समर्थित अंशु पाहवा में मुकाबला है।

ये आंकड़े
- 62 फीसद मतदान
- 26 वार्ड में थे 303 पोलिंग बूथ
- 5 मेयर उम्मीदवार,
- 128 पार्षद, 64 पुरुष व 64 महिलाएं

रोहतक (अनारक्षित)

कांग्रेस समर्थित सीताराम सचदेवा भाजपा के मनमोहन गोयल, इनेलो-बसपा के सचित नांदल व माकपा की जगमति सांगवान में मुकाबला है।

ये आंकड़े
- 62.4 फीसद मतदान
- 22 वार्ड में थे 278 पोलिंग बूथ
- 12 मेयर प्रत्याशी, 10 पुरुष, 2 महिला
- 135 पार्षद, 65 पुरुष व 70 महिलाएं

ये नगरपालिका

जाखल मंडी (फतेहाबाद)
- 89.5 फीसद मतदान
- 13 वार्ड में थे 13 पोलिंग बूथ
- 35 पार्षद प्रत्याशी, 17 पुरुष, 18 महिला

पूंडरी (कैथल)
- 82.0 फीसद मतदान
- 13 वार्ड में थे 13 पोलिंग बूथ
- 54 पार्षद, 18 पुरुष, 36 महिलाएं

सभी जिलों में सुरक्षा चाक-चौबंद

सभी कर रहे अपनी जीत का दावा। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बीच है। इनेलो-बसपा भी दे रही टक्कर।

BHARAT GEARS LIMITED
Regd. Office & Works: 20 K.M., Mathura Road, P.O. Amar Nagar, Faridabad-121003 (Haryana)
Tel.: +91 (129) 4288888
Fax: +91 (129) 4288822-23
E-mail: info@bgindia.com,
Website: www.bharatgears.com,
CIN: L29130HR1971PLC034365

NOTICE

Notice is hereby given that the Share Certificates no(s). 38605 & 39708 bearing distinctive no(s). 2390642-2390691 & 2445792-2445841 respectively standing in the name of Ms. Rekha Perhar have been reported lost/misplaced.

The Company shall proceed to issue duplicate share certificate(s), if no objection is received within 15 days from the date of publication of this notice.

For Bharat Gears Limited
Sd/-
Prashant Khattry
Head (Legal) & Company Secretary

Place: Faridabad
Date: 18.12.2018

सार्वजनिक सूचना

परिवहन विभाग हरियाणा (हरियाणा रोडवेज) विभाग के कर्मचारियों के लिए ऑन लाईन तबादला नीति 2018 लागू करने जा रहा है। जो कि लिपिक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, चालक व परिचालक पर लागू होगी। तबादला केवल मैरिट के आधार पर किया जाएगा। तबादले के लिए आवेदन करने के लिए प्रत्येक कर्मचारी को सम्बन्धित महाप्रबन्धक के द्वारा लॉगइन आई. डी. तथा पासवर्ड दिया जाएगा। तबादला नीति के लिए निम्न कार्य सारिणी निर्धारित की गई है :-

Name	Department's Role	HKCL's Role	No. of Days proposed	Date
लॉगिन प्रमाण पत्र	कर्मचारियों को लॉगिन प्रमाण पत्र का वितरण	लॉगिन प्रमाण पत्र उत्पन्न करना	3	24-26 दिसम्बर 2018
एचआरएमएस डेटा पर कर्मचारी सहमति	एचआरएमएस डेटा पर कर्मचारियों की सहमति मांगना और डेटा के सुधार यदि कोई हो	कर्मचारी के लॉगिन खाते में योग्यता अंक दिखाना	8	27 दिसम्बर 2018 03 जनवरी 2019
पदों का तर्कसंगतकरण	यदि कोई बदलाव है तो पदों के तर्कसंगतता प्रदान करना	तर्कसंगत फाइल पोटिंग और वास्तविक और समझा रिक्ति की पहचान करना	0	किया हुआ है
स्थानांतरण प्राथमिकताएं	हस्तांतरण चरित्ताओं के लिए हस्तांतरण और परिभाषित कार्यक्रम से बलपूर्वक और संरक्षित कर्मचारियों की सूची एच.के.सी.एल. को प्रदान करना	पात्र कर्मचारियों के लिए स्तानांतरण प्राथमिकताओं की पहचान और खोलना	11	04 जनवरी-14 जनवरी 2019
अस्थायी आवंटन	कर्मचारियों के अस्थायी आवंटन का परीक्षण	अस्थायी आवंटन रिपोर्ट विभाग को प्रदान करना	3	15 जनवरी-17 जनवरी 2019
वास्तविक आवंटन	आवंटन रिपोर्ट के स्वरूप और हस्ताक्षर एच.के.सी.एल. को प्रदान करना	कर्मचारी के लॉगिन में स्थानांतरण आवंटन रिपोर्ट उत्पन्न करना	4	18 जनवरी-21 जनवरी 2019

नोट :- सभी महाप्रबन्धकों को यह परामर्श दिया जाता है कि वे अपने सभी कर्मचारियों को उपरोक्त के बारे में बसस्थल नोटिस बोर्ड, बस स्टैण्ड व कर्मशाला पर चिपका कर इस सम्बन्ध में अवगत करवाएंगे।

हस्ता/- कृते : निदेशक राज्य परिवहन, हरियाणा, चण्डीगढ़।

पीआरडीएच-1119/11/1002/1819/74235 दि. 18.12.18

कैन फिन होम्स लिमिटेड
[illegible]
E-mail: noida@canfinhomes.com CIN NO L85110KA1987PLC008699

नीलामी बिक्री सूचना

[illegible]

दिनांक: 18.12.2018 स्थान: नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी

निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़

एससीओ नं. 71-75, सेक्टर 17-सी, चण्डीगढ़
टेली. : 0172-2549347, ई-मेल : aohq.tcp@gmail.com

वाहनों की खरीद हेतु रुचि की अभिव्यक्ति / बोलियां

निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़ मानक एक्सेसरीज सहित 1 अदद टोयोटा इनोवा क्रिस्टा कार सुपर व्हाईट कलर और 1 अदद मारुति सियाज कार (Vxi) सुपर व्हाईट कलर की खरीद के लिये प्रस्ताव करते हैं।

टोयोटा कम्पनी और मारुति सुजुकी कम्पनी के प्राधिकृत डीलरों / वितरकों को निम्नलिखित पते पर तीन दिन के अंदर अपनी रुचि की अभिव्यक्ति / बोलियां भेजने के लिये आमंत्रित किया जाता है :

निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग,
हरियाणा, चण्डीगढ़
एससीओ नं. 71-75, सेक्टर 17-सी,
चण्डीगढ़

ईओआई सभी प्रकार से पूर्ण और सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षरित होनी चाहिए। ईओआई एक मोहरबंद लिफाफे में डिलीवर की जानी होगी और लिफाफे पर "वाहन की खरीद हेतु ईओआई" अंकित होना चाहिए।

रुचि की अभिव्यक्ति / बोलियां या तो प्राधिकृत डीलरों / वितरकों अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा जमा करवाई जा सकती है। प्रतिनिधि को रुचि की अभिव्यक्ति / बोलियों के साथ प्राधिकार पत्र संलग्न करना होगा। अन्यथा प्राधिकारी के निर्णय के अनुरूप किसी भी स्तर पर प्रस्ताव अमान्य किये जाने योग्य होगा।

उपरोक्त निहित किसी भी बात के बावजूद, निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़ किसी अथवा सभी रुचि की अभिव्यक्ति / बोलियों को निरस्त करने और इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में की गई पेशकश के अतिरिक्त किसी अन्य वाहन पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग,
हरियाणा, चण्डीगढ़

पीआरडीएच-1118/11/174/1819/74237 दि. 18.12.18

पंजाब पंचायत चुनाव : सरपंच के लिए 2400 से ज्यादा नामांकन

चंडीगढ़। पंजाब में आगामी पंचायत चुनाव में सरपंच पद के लिए अब तक कुल 2,494 और पंच के लिए 5,772 नामांकन दाखिल किए गए हैं। नामांकन के कागजात दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 दिसंबर है।राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि पंजाब में 13,276 पंचायतों के लिए मतदान 30 दिसंबर को होगा। मतगणना भी उसी दिन होगी। आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि नामांकनों की जांच 20 दिसंबर को की जाएगी जबकि नामांकन वापस लेने की तारीख 21 दिसंबर है। इसी दिन (21 दिसंबर) प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। इस बीच, आप ने कांग्रेस नेताओं पर विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोकने का आरोप लगाया है। आप विधायक हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि प्रशासनिक अधिकारी भी कांग्रेस नेताओं के हाथों में खेल रहे हैं।

पाक सेना से गठजोड़ का पर्दाफाश करती पंजाब 'मुक्ति' की एसएफजे की साजिश

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने खालिस्तान समर्थक संगठन के पंजाब को भारत से 'मुक्त' कराने के लिए पाकिस्तान से सहयोग मांगने संबंधी कथित बयान पर मंगलवार को कहा है कि इससे पाक सेना और आईएसआई के साथ संगठन की साठगांठ का पर्दाफाश हो गया है । मीडिया के एक वर्ग में यह खबर आयी है कि अमेरिका स्थित अलगाववादी संगठन ''सिख फॉर जस्टिस'' ने भारत से पंजाब को मुक्त कराने के लिए पाकिस्तान सरकार से कथित रूप से ''जनमत संग्रह 2020'' में सहयोग मांगा है । ''जनमत संग्रह 2020'' भारत से पंजाब को अलग करने का अभियान है । सिख फॉर जस्टिस के कानूनी सलाहकार गुरपतवंत सिंह पन्नू पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''स्थिति ठीक नहीं है और सबकुछ सामने आ गया है। एसजेएफ और पाकिस्तानी सेना के बीच गहरे संबंध अब सबके सामने हैं।'' अमरिंदर सिंह ने एसएफजे की 'करतारपुर साहिब सम्मेलन-2019' की योजना पर भी आपत्ति जताई है जो सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के साथ पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पूरा मामला पाकिस्तानी सेना द्वारा एक ''बड़ी साजिश'' है जो लगातार पंजाब में आतंकवाद को फिर से जीवित करने के प्रयास में लगी हुई है। अमरिंदर सिंह ने यह भी कहा है कि पड़ोसी देश की ऐसी किसी साजिश का जवाब देने के लिये पंजाब और भारतीय सेना अच्छी तरह से तैयार हैं। पंजाब 1980 और 1990 के दशक के मुकाबले आज कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार है जब पाक समर्थित आतंकवाद से प्रदेश में जान-माल का काफी नुकसान हुआ था।

पंजाब, हरियाणा में शीत लहर जारी

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा के अधिकांश भागों में शीत लहर का प्रकोप जारी है और न्यूनतम तापमान में मंगलवार को और गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि पंजाब का आदमपुर दो राज्यों में सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि भठिंडा में न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस, अमृतसर में 3.5 डिग्री सेल्सियस,हलवारा में 3.9 डिग्री, लुधियाना में 3.9 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 6.2 डिग्री सेल्सियस, पठानकोट में 4.6 डिग्री सेल्सियस और गुरदासपुर में 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज तापमान किया गया। हरियाणा में नारनौल सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद हिसार में 3.3 डिग्री,करनाल में 4.6 डिग्री, रोहतक में 5.4 डिग्री,सिरसा में चार डिग्री, भिवानी में 4.9 डिग्री और अंबाला में 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ में तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक दोनों राज्यों में सर्द मौसम का दौर जारी रहने का अनुमान है।

पानीपत शुगर मिल पर 25 लाख का जुर्माना

पानीपत। एनजीटी ने पानीपत सहकारी चीनी मिल पर वायु प्रदूषण के कारण पर 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि जागरूकता के लिए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) को जमा करने का आदेश दिया। इसके अलावा, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) को डीएलएसए को 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। संजय कॉलोनी से वकील अमित कौशिक ने इस साल जनवरी महीने में एनजीटी के सामने शिकायत दर्ज की थी और चीनी मिल द्वारा पर्यावरण में हो रहे एसपीएम को नियंत्रित करने की दिशा मांगी थी।

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक आदमी जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त आदमी जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी, दिनांक 12.12.18 को सुबह 09:22 बजे, पंजाबी बाग गोल चक्कर के सामने, ट्रांसपोर्ट सेण्टर के पास दिल्ली में मृत पाया गया इस सिलसिले मे **डीडी नं– 51ए, दिनांक 12.12.18 को पुलिस थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक आदमी की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है।

मृत आदमी का विवरण इस प्रकार है:

लिंग: पुरुष, **उम्र:** लगभग 60 वर्ष, **कद:** 5', **रंग:** सांवला, **शारीरिक गठन:** पतला, **चेहरा:** अंडाकार, **बाल:** काले व सफेद रंग के और सामान्य दाढ़ी, **चोट के निशान:** चिकलांग, **पहनावा:** हरे व सफेद रंग की टी–शर्ट और नीले रंग की पैंट पहने है।

इस अज्ञात मृत आदमी के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी पंजाबी बाग, दिल्ली को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुलिस थाना, पंजाबी बाग, दिल्ली
फोन नं. 011-25225616, 25224162

DP/8035/WD/18

हरियाणा सरकार

TENDER NOTICE

SR. No.	NAME OF BOARD/CORP./AUTH	NAME OF WORK NOTICE TENDER	OPENING DATE CLOSING DATE	AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES	WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH	NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL
1	MUNICIPAL COUNCIL, REWARI	CONSTRUCTION OF JOGI CHAUPAL IN WARD NO. 31 + 5 OTHER WORKS	CLOSING DATE 25.12.2018	45.05 LACS	http://etenders.hry.nic.in TENDER NO : 2018_HRY_72884_1 TO 6	vashist.ankit@gmail.com 9467874888
2	MUNICIPAL COUNCIL, GOHANA	CONST. OF BOUNDARY WALL FOR MC LAND IN THASKA VILLAGE GOHANA. + 2 OTHER WORKS.	CLOSING DATE 20.12.2018	12.08	https://www.haryanaeprocurement.gov.in/ TENDER NO : ME_GOHANA_160	manojbagotia@gmail.com 9468356418
3	MUNICIPAL COUNCIL, JIND	ADVERTISEMENT OF UNIPOLE,HOARDINGS,GANTRY-CUM-SIGNAGE LOCATION AND PROPOSED PUBLIC UTILITIES AND BUS Q- SHELTERS.	15.12.2018 28.12.2018	2.00 LACS	https://mcjind.haryanaeprocurement.gov.in	mcjind2013@gmail.com 01681-246358
4	MUNICIPAL COMMITTEE NISSING	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL OF GROUND OF GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL WARD NO.2	CLOSING DATE 24.12.2018	11.99 LACS	https://mcnissing.haryanaeprocurement.gov.in T.O: 53 &54 ME/MCN/2018	8684009444
5	MUNICIPAL CORPORATION GURUGRAM	UP-GRADATION OF AVAILABLE INFRASTRUCTURE OF SOUTH CITY 2, PHASE-1 MUNICIPAL CORPORATION GURUGRAM	CLOSING DATE 03.01.2019	1145.18 LACS	https://mcgurugram.haryanaeprocurement.gov.in T.O: EE-IV/MCG/2018/53540, 107918	eewss3@mcg.gov.in 9821395213
6	MUNICIPAL COMMITTEE BHUNA	DOOR TO DOOR COLLECTION WITH SEGREGATION AT SOURCE OF BIODEGRADABLE & NON-DEGRADABLE GARBAGE/WASTE FROM THE MC LIMIT BHUNA UNDER SWACHH BHARAT MISSION	15.12.2018 20.12.2018	1 LACS	www.etenders.hry.nic.in T.O: 2018_HRY_72573_2	bhunamc@gmail.com
7	KAITHAL COOP. SUGAR,MILLS LTD,KAITHAL	1.SALE OF MOLASSES 2. SALE OF M-30 SUGAR 3.CONTRACT FOR RUNNING OF R.O.PLANT	18.12.2018 23.12.2018	MOLASSES 250000/ SUGAR 500000	www.kaithalsugarmills.com TENDER NO :107286,107288,107289	ktlsugar@gmail.com 9466112307
8	HVPNL	AUGMENTATION OF 132 KV SUB-STATION HVPNL,.,.	14.12.2018 21.12.2018	3.41 LACS	https://www.hvpn.org.in T.O 20/xen/Ts/Srs/2018-19, 14.12.2018	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
9	HVPNL	PROVIDING 1 NO. ADDITIONAL 20/25 MVA, 132/33KV TF WITH 33 KV O/G FOR 33KV LAKHU BUANA,......	17.12.2018 08.01.2019	9.15 LACS	hvpn.org.in T.O TS/Divn/PNP/61/2018-19	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
10	HARTRON	PURCHASE OF SERVERS + 2 OTHER WORKS	14.12.2018 03.01.2019	3.62 CRORE	https://hartron.haryanaeprocurement.gov.in T.O Hartron/HW/2018-19/53,54,55	0172-2720113 agmprocurement@gmail.com
11	UHBVN AMBALA	TO CARRY OUT THE DIFFERENT ELECTRICAL WORKS UPTO 11KV UNDER (OP) DIVN. UHBVN ,... ETC	CLOSING 24.12.2018	2.50 LACS	www.uhbvn.org.in NIT-27/AMB/2018-19, Dt 12.12.2018	0172-2565625 www.uhbvn.org.in
12	UHBVN	HIRING OF 1 NO. VEHICLE FOR THE OFFICE OF XEN/VIGILANCE UHBVN, ROHTAK	CLOSING E 31.12.2018	6000	www.uhbvn.org.in E-6/XENVIG/ROHTAK/2018-19	0172-2565625 www.uhbvn.org.in
13	VITA SIRSA	SUPPLY OF 15 LITER GHEE TIN (FOR ALL MILK PLANT OF HARYANA)	18.12.2018 07.01.2018	60000	http://Vitaindia.haryanaeprocurement.gov.in	01666-2245059 vitasrs@gmail.com
14	HSAMB	CONSTRUCTION OF LINK ROAD FROM VILLAGE SIRASGARH TO BUDIYON (ROAD ID 9380) + 5 OTHER WORKS	17.12.2018 01.01.2019	3.36 CRORE	www.hsamb.org.in T.O: 108116 to 108121	0171-2530675 xenambala2018.hsamb@gmail.com

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in PRDH-11/1819/21952000/74232 Dt. 18/12/18